(xv) Need to depute a Central team to Fatehpur district, Uttar Pradesh with a view to assessing the damage caused to the crops due to heavy hailstorm

श्री महेन्द्र प्रसाद निषाद (फतेहपुर) : महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र फतेहपुर (उ.प्र.) की ओर केन्द्रीय सरकार तथा खासकर माननीय कृषि मंत्री, भारत सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए यह कहना चाहता हूं कि दिनांक 9-10 मार्च, 2005 को जनपद फतेहपुर सहित उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में भयानक ओलावृष्टि हुई है, जिसके परिणामस्वरुप खेतों में लगी रबी, दलहन तथा तिलहन फसलें पूरी तरह से नष्ट हो चुकी हैं। स्थानीय किसान इस प्राकृतिक आपदा से भुखमरी के कगार पर आ गये हैं।

अतः मैं भारत सरकार तथा कृषि मंत्री से मांग करता हूं कि अविलम्ब किसानों के हुए नुकसान का आकलन और भरपाई हेतु केन्द्रीय टीम फतेहपुर जनपद सहित उत्तर प्रदेश के प्रभावित जनपदों में भेजी जाए, ताकि किसानों को मुआवजे/राजकीय सहायता की राशि मिल सके। धन्यवाद।